प्रसार भारती

भारतीय प्रसारण निगम

आकाशवाणी केन्द्र शिमला

29.05.2024/प्रादेशिक समाचार/1800बजे

चुनाव प्रचार

प्रदेश में एक जून को होने वाले लोकसभा चुनाव और विधानसभा उपचुनाव के लिए प्रचार–अभियान अंतिम चरण में पहुंच गया है। राज्य में खुलेआम चुनाव प्रचार कल शाम बंद हो जाएगा। ऐसे में दोनों प्रमुख दलों भाजपा व कांग्रेस ने प्रचार में अपनी पूरी ताकत झोंक दी है। दोनों ही दलों के स्टार प्रचारक राज्य में ताबड़तोड़ चुनावी रैलियां कर रहे हैं। केन्द्रीय मंत्री नितिन गडकरी ने आज ऊना ज़िले में चुनाव प्रचार किया जबकि कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी ने कुल्लू और मण्डी ज़िले में चुनाव प्रचार किया।

नितिन गडकरी

वरिष्ठ भाजपा नेता व केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी ने आज हमीरपुर संसदीय क्षेत्र के तहत कुटलैहड़ के टक्का में भाजपा की विजय संकल्प रैली को संबोधित किया। उन्होंने लोगों से हमीरपुर संसदीय क्षेत्र से पार्टी प्रत्याशी अनुराग सिंह ठाकुर और कुटलैहड़ विधानसभा उपचुनाव के लिए भाजपा उम्मीदवार देवेन्द्र भुट्टो के पक्ष में मतदान की अपील की। नितिन गडकरी ने कहा कि ये चुनाव जनता के भविष्य का फैसला करने वाला चुनाव है और देशभर में भाजपा को भारी जनसमर्थन मिल रहा है। गडकरी ने कहा कि पिछले 10 वर्षों में मोदी सरकार ने देश के हर गांव को सड़क से जोड़ने का कार्य किया है और हिमाचल को केन्द्र सरकार ने बड़ी संख्या में राष्ट्रीय उच्च मार्ग व फोरलेन दिए हैं। केन्द्रीय मंत्री ने कहा कि पिछले 10 वर्षों में मोदी सरकार ने विकास के जो कार्य किए हैं, वो कांग्रेस अपने 60 वर्ष के कार्यकाल में भी नहीं कर सकी। उन्होंने कहा कि वर्तमान केन्द्र सरकार काम करने वाली सरकार है और भारत को विश्व गुरू बनाने के लिए फिर से भाजपा के हाथ में सत्ता सौंपने की ज़िम्मेदारी जनता की है। नितिन गडकरी ने कहा कि कुटलैहड़ में निर्मित 9 सौ करोड़ का लठियानी–मंदली पुल भी भाजपा सरकार की ही देन है।

प्रियंका गांधी

कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी ने आज कुल्लू व मण्डी में चुनावी जनसभाओं को संबोधित किया और रोड शो में भाग लिया। उन्होंने कहा कि पिछले वर्ष हिमाचल को भयंकर आपदा का सामना करना पड़ा और प्रदेश की कांग्रेस सरकार ने आपदा राहत के लिए भरपूर प्रयास किए लेकिन केंद्र सरकार की तरफ से कोई विशेष मदद नहीं की गई। प्रियंका गांधी ने कहा कि हिमाचल में विधानसभा चुनाव से पूर्व कांग्रेस ने कर्मचारियों के ओपीएस मुद्दे को प्रमुखता से उठाया और सरकार बनते ही ओपीएस बहाल कर अपनी गारंटी को पूरा किया। उन्होंने कहा कि इसी तरह महिलाओं को 1500 रूपए मासिक भत्ता दिए जाने की गारंटी को भी पूरा कर दिया गया है। प्रियंका गांधी ने कहा कि कांग्रेस जो वादा करती है उसे पूरा

करती है। उन्होंने आरोप लगाया कि मोदी सरकार महंगाई और बेरोज़गारी पर अंकुश लगाने में विफल रही है और अग्निवीर योजना लाकर युवाओं के साथ धोखा किया गया है। प्रियंका गांधी ने दावा किया कि देश में इस बार इंडिया गठबंधन की सरकार बनने जा रही है और प्रदेश में भी कांग्रेस पार्टी चारों लोकसभा सीटों पर जीत हासिल करेगी। इस मौके पर मुख्यमंत्री सुखविन्दर सिंह सुक्खू और पार्टी प्रत्याशी विक्रमादित्य सिंह ने भी रैली को संबोधित किया।

पवन खेड़ा

अखिल भारतीय कांग्रेस पार्टी के मीडिया प्रकोष्ठ के अध्यक्ष पवन खेड़ा ने मोदी सरकार पर बढ़ती महंगाई और बेरोज़गारी पर अंकुश लगाने में नाकाम रहने का आरोप लगाया है। शिमला में आज एक पत्रकार वार्ता में उन्होंने कहा कि पिछले 10 वर्ष में बेरोज़गारी की दर 45 दशमलव 4 फीसदी तक पहुंच गई है जबकि भाजपा नेता इस पर कुछ भी बोलने को तैयार नहीं है। पवन खेड़ा ने कहा कि मोदी सरकार ने भारतीय सेना में अग्निवीर योजना लाकर युवाओं के साथ धोखा किया है क्योंकि इससे 22 वर्ष का युवा सेवानिवृत्त हो जाएगा। उन्होंने कहा कि हिमाचल में आपदा से भारी नुकसान हुआ लेकिन मुआवज़े के रूप में मोदी सरकार ने प्रदेश को कुछ भी नहीं दिया। खेड़ा ने कहा कि इसके विपरीत प्रदेश की कांग्रेस सरकार ने पूरी कर्मठता से कार्य किया जिसकी दुनियाभर में प्रशंसा हो रही है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस के घोषणा पत्र में किसानों, दलितों, युवाओं, महिलाओं और आदिवासियों सहित सभी वर्गों का ध्यान रखा गया है।

मौसम

प्रदेश के अधिकांश भागों में पिछले कुछ दिनों से भीषण गर्मी का दौर जारी है और दिन के समय लोगों को घरों से बाहर निकलना मुश्किल हो गया है। ऊना, बिलासपुर और सिरमौर सहित कई ज़िलों में पारा 40 से 45 डिग्री के बीच दर्ज किया जा रहा है। भीषण गर्मी को देखते हुए ऊना ज़िले में 31 मई तक सभी सरकारी व निजी स्कूलों को बंद रखने का निर्णय लिया गया है। ये आदेश प्री–प्राइमरी और प्राइमरी स्कूलों के साथ–साथ सभी माध्यमिक, उच्च व वरिष्ठ माध्यमिक स्कूलों के लिए भी लागू होंगे। जिन स्कूलों में इस अवधि के दौरान परीक्षाएं निर्धारित हैं वहां परीक्षाओं का आयोजन सुबह 7 से 11 बजे के बीच किया जाएगा। हमीरपुर ज़िला प्रशासन ने भी भीषण गर्मी को देखते हुए सभी सरकारी स्कूलों में कल 30 मई से 4 जून तक छुट्टी की घोषणा की है। सिरमौर ज़िले में भी प्रशासन ने ग्रीष्मकालीन अवकाश वाले सभी सरकारी व निजी स्कूलों के अलावा आंगनबाड़ी केन्द्र भी 30 और 31 मई को बंद रखने के आदेश दिए हैं।

....